आईटी.जॉब फेयर व जागरूकता पंजीकरण आयोजित

नवज्योति/पीपाड़सिटी। स्थानीय राजकीय कन्या महाविद्यालय में शुक्रवार को आईटी जॉब जागरूकता व पंजीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके तहत 11 एवं 12 नवंबर को राजकीय पॉलिटेक्निकल कॉलेज, रेजीडेंसी रोड जोधपुर में आयोजित होने वाले आईटी जॉब फेयर में आईटी एवं अन्य सेक्टर्स की अग्रणी कंपनियों में रोजगार के अवसर की जानकारी देने के लिए सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग, पीपाड़ के तत्वावधान में सुनील व्यास प्रोग्रामर व जितेंद्र शर्मा और दिनेश शर्मा ट्रेनर ने लगभग 125 छात्राओं को आईटी जॉब फेयर के बारे जागरूक किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. नीना जैन ने छात्राओं को इस तरह के प्रोग्राम (आयोजनों) में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया तथा भविष्य में जॉब की सम्भावनाओ के बारे में बताया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

Jagdish Saran
Digitally signed by Jagdish Saran
DN: cn=Jagdish Saran, o=College Education Department, email=jsbishnoi77@gmail.com, c=IN
Date: 2024.05.02 16:48:08 +05'30'